# के.डी.ए. ने एक माह पहले सी.सी. रोड बनाया, नाली के लिये उसे फिर तोड़ा

## महावीर नगर प्रथम के एक मार्ग पर सीसी रोड व नाली निर्माण के टेंडर एक साथ हुये थे, पहले रोड निर्माण कर दिया अब नाली के लिये उसे दोबारा खोद दिया

**कोटा,** (निसं)। केडीए द्वारा स्मार्ट सिटी कोटा में सड़क व नाली निर्माण के निर्धारित मापदंडों की खुली अवहेलना की जा रही है। ऐसा ही एक मामला महावीर नगर प्रथम में सामने आया है, जहां एक माह पूर्व आवासीय क्षेत्र में नाली निर्माण से पहले ही पूरा सीसी रोड़ बना दिया गया।

जब बरसाती पानी भरने की समस्या आई तो शनिवार को यहां जेसीबी लगाकर महात्मा फूल सामुदायिक भवन से अपेक्स लाईब्रेरी तक नाली को चौड़ा करने के लिए जेसीबी चलाई गई। जिसका नागरिकों ने विरोध किया। प्रबुद्ध नागरिक संगठनों ने केडीए अधिकारियों से कहा कि वे मौके पर अवलोकन करें और देखें कि स्मार्ट सिटी के शहरी विकास बजट में किस स्तर पर धांधलियां की जा रही है। लाखों की लागत से निर्मित सीसी रोड को मात्र एक माह बाद दोबारा खोदने की अनुमति किसने दी है।

केडीए के सेवानिवृत वरिष्ठ अभियंता ने बताया कि दोनों कार्यों की निविदायें एक साथ स्वीकृत होने पर पहले नाली निर्माण करना था, उसके बाद उस पर सीसी रोड़ बना दिया जाता लेकिन भ्रष्टाचार के खेल में निर्माण कार्य इससे उलटा हो रहा है। जिससे केडीए को दोबारा रोड़ बनाने में लाखों का नुकसान भुगतना पड़ेगा। यह राशि संवेदक से ही वसूल की जाये। शहर में राजीव नगर, इंद्र विहार, तलवंडी के नागरिकों ने बताया कि ओपेरा मार्ग पर तलवंडी से राजीव गांधी नगर सब्जीमंडी तक मुख्य व्यस्त सड़क के एक ओर गैस की पाईप लाईन बिछाने के लिये पिछले दो माह से खुदाई चल रही है। इसमें लाईन बिछाकर सिर्फ मिट्टी से ढक दिया गया है, जिससे बरसात में कीचड़ फैल रहा है।

कोटा में नाली निर्माण से पहले सड़क का निर्माण हुआ और उसे वापस खोद दिया गया।

इस खुदाई से मेन रोड़ पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस क्षेत्र में कोचिंग विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने से सड़क दुघर्टनायें होने का अंदेशा बना हुआ है। इस कार्य के लिये जिम्मेदार एजेंसी ने सूचना बोर्ड लगाकर जानकारी तक नहीं दी है। मुख्य सड़कों पर इस तरह की खुदाई करने की स्वीकृति यदि केडीए ने दी है तो उसका सूचना बोर्ड लगाना चाहिये कि यह कार्य कब पूरा होगा।

उल्लेखनीय है कि दो दशक बाद गत वर्ष इस मार्ग पर पक्के डामर रोड़ का निर्माण किया गया था, जिसे फिर से खुर्द-बुर्द कर दिया गया है। नागरिकों ने जिला कलक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी व केडीए आयुक्त से मांग की कि शहर में मुख्य मार्गों पर निर्माण कार्यों में विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों व संवेदकों के बीच समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश प्रदान करें। जिससे केडीए को होने वाला लाखों रूपये का नुकसान बचाया जा सकें।

# दसनाम गोस्वामी समाज ने पौधारोपण किया

कोटा में गोस्वामी समाज के द्वारा पोधारोपण किया गया।

**कोटा,** (निसं)। दशनाम गोस्वामी समाज नवयुवक मंडल विकास समिति कोटा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न। दशनाम गोस्वामी समाज नवयुवक मंडल विकास समिति के अध्यक्ष हँसराज गोस्वामी ने बताया कि आज गोस्वामी समाज नवयुवक मंडल द्वारा विनोबा भावे नगर स्थित गोस्वामी समाज के छात्रावास के प्रांगण में समाज के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहर जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने समाज के छात्रावास में अशोक का वृक्ष लगाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संभागीय अध्यक्ष अशोक गोस्वामी, नागौर से आये विजय पुरी, युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार गोस्वामी बूंदी युवा जिलाध्यक्ष बनवारी गोस्वामी, कोटा युवा जिलाध्यक्ष एल विल गिरी, कमल पूरी गोस्वामी, सुरेश गोस्वामी, ओमप्रकाश गोस्वामी, कन्हैयालाल पूरी, मनीष गोस्वामी आदि समाज बंधु उपस्थिति रहे।

# कोटा संभाग के गिरिराज चौधरी अध्यक्ष व भूपेन्द्र शर्मा मंत्री बने

**कोटा,** (निसं)। देश के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ चितौड़ प्रांत के कोटा संभाग स्तरीय बेठक भामाशाह कृषि उपज मण्डी कोटा में प्रांत अध्यक्ष शंकर लाल नागर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ जिला समिति व ऊपर स्तर के कार्यकर्ता व तहसीलों के प्रभारी सहित सो से अधिक किसान कार्यकर्ता उपिस्थत रहे।

बैठक में मार्गदर्शन अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय जैविक प्रमुख हुकम चंद पाटीदार, अखिल भारतीय समिति सदस्य कैलाश गेंदोलिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवराज पूरी, प्रांत संगठन मंत्री परमानंद, संभाग अध्यक्ष विक्रम सिंह की उपस्थिति में भारत माता, भगवान बलराम की चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर सामूहिक किसान गीत से बैठक का शुभारंभ किया गया।

बैठक में प्रांत संगठन मंत्री परमानंद ने संभाग का संगठनात्मक व्रत लिया व भारतीय किसान संघ की स्थापना के बारे में अवगत कराते हुए बताया की 7 सितंबर को संगठन का स्थापना दिवस प्रत्येक ग्राम समिति मनाया जाऐं। प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवराज पूरी कहां हमारा संघठन एक रजिस्टर्ड संस्था हैं हमारे संघठन की हर वर्ष हिसाब-किताब की ऑडिट होती हैं। इसलिए सदस्यता अभियान की समस्त रसीद बुकें व राशि जमा करावें।

प्रान्त अध्यक्ष शंकर लाल द्वारा अगले माह 7, 8 व 9 सितम्बर को झालावाड़ में हो रहे प्रांत अधिवेशन की जानकारियां दी। व प्रांत अधिवेशन में संभाग की समस्त तहसील कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी का सम्मिलित होने का आग्रह किया। व अधिवेशन में जाने हेतु अग्रिम योजना बनाई गई। बैठक का मंच संचालन संभाग मंत्री किशन पाटीदार द्वारा किया गया। अखिल भारतीय बैठक में लिए गए दो प्रस्ताव किसान हितैषी बीज कानून तत्काल बनाए सरकार व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद किसान हित की आढ़ में संदिग्ध समझौतों से बाज आए का पठन कोटा जिला अध्यक्ष जगदीश कलमंडा व झालावाड़ जिला अध्यक्ष राधेश्याम गोचर द्वारा किया गया।

बैठक में संभागीय कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर अध्यक्ष विक्रम सिंह ने संभाग समिति भंग करने की घोषणा की साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश गेंदोलिया ने नई समिति के लिए कोटा संभाग के लिए अध्यक्ष गिरिराज चौधरी व मंत्री भूपेन्द्र शर्मा की घोषणा की जिसकी उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सहमति जताई।

## सार-समाचार

### हाड़ौती ब्यूटीशियन एसोसिएशन की ओर से नेशनल सैलून डे मनाया

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती ब्यूटीशियन एसोसिएशन की ओर से रविवार को सेवन वंडर्स के सामने स्थित एक निजी होटल में नेशनल सैलून डे मनाया गया। हाड़ौती ब्यूटीशियन एसोसिएशन की फाउंडर डॉ.नीता पारेख व प्रेसिडेंट प्रीति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर काफी जोर दिया गया। हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उनको निशुल्क प्रशिक्षण, निशुल्क एजुकेशन के साथ-साथ कोटा समेत हाड़ौती संभाग की ब्यूटीशियन को इंडस्ट्री की नई टेक्नोलॉजी के बारे में रूबरू करवाया गया। डॉ. पारेख ने नेशनल सैलून डे मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संस्थान की कोषाध्यक्ष ममता श्रृंगी, सीमा अपूर्वा, टीना खान, नीरू भावनानी, अनामिका जायसवाल व मीनू जैन समेत हाडोती की प्रमुख ब्यूटीशियन के अलावा शहर के प्रमुख मेकअप आर्टिस्ट भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के आयोजन में हितेश पटेल का विशेष योगदान रहा। साथी राहिल खान रेशमा अंसारी ने आगामी सेमिनार की घोषणा की।

### एक शाम देश भक्ति गीतों के साथ कार्यक्रम आयोजित

**कोटा,** (निसं)। कीर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ़ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से अगस्त क्रांति पखवाड़े के तहत रविवार को एक शाम आजादी के तरानों के साथ कार्यक्रम शहीद स्मारक पर आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत संस्थान की ओर से विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन के साथ देशभक्ति गीतों के माध्यम से आजादी के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर संस्थान के लोकेश सोनी व मोनिका ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर तिरंगा प्रतिज्ञा भी दी ली गई। संस्थान की महासचिव रेखा सेनी ने कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ.जीआर गोयल सहित संस्थान के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन किरण गौतम ने किया।

### मथुराधीश मंदिर पर आज से बैठेगी जन्माष्टमी की बधाई

**कोटा,** (निसं)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पर सोमवार से जन्माष्टमी की बधाई बैठेगी। इस दौरान प्रभु के सन्मुख बधाई कीर्तन गाए जाएंगे। प्रथम पीठ युवराज गोस्वामी मिलन कुमार बावा ने बताया कि पुष्टिमार्ग मे जन्माष्टमी उत्सव की एक मास पूर्व से बधाई बैठती है। जन्माष्टमी महामहोत्सव के कारण यशोदाजी और रोहिणीजी के भाव से 15-15 दिन की बधाई दी जाती है। श्रावण शुक्ल अष्टमी से जन्माष्टमी तक नित्य बधाई गई जाएगी। बल्लभ संप्रदाय में मान्यता है कि प्रभु के प्राकट्य की शुभ घड़ी करीब मानकर बालक श्रीकृष्ण के स्वागत की तैयारी बधाई गाने के साथ शुरू कर दी जाती है। इस दौरान श्रीजी में बालभाव के कीर्तन गाए जाते हैं और बालभाव के कीर्तन धराए जाते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को मंगला के दर्शन समय सुबह 7 से 7.30 तक, राजभोग के दर्शन सुबह 10.45 से सेवानुकल तथा उत्थापन के दर्शन सायं 4 बजे से होंगे। वहीं सोमवार से हिंडोला के दर्शन शाम 6 बजे से सेवानुकल समय में होंगे।

### लायंस क्लब कोटा सेंट्रल का न्यूरो परामर्श शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा नि:शुल्क न्यूरो परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब कोटा सेन्ट्रल की और से न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सामने 29 आरोग्य नगर में न्यूरो से संबंधित बीमारियों की जांच एवं परामर्श का नि:शुल्क शिविर लगाया गया। शिविर में एथोस हॉस्पिटल के न्यूरोलोजिस्ट कंसलटेंट डॉ आशीष पेमावत एमडी, डीएम (न्यूरोलॉजी) ने मरीजों की नसों से संबंधी बीमारियों, रीढ की हड्डी, लकवा साइटिका, स्ट्रोक आदि के लिए परामर्श दिया। शिविर संयोजक ममता गुप्ता और प्रमिला अग्रवाल ने बताया की शिविर में 70 मरीजों को देख कर दवा एवम जांच लिखी गई। ललित बाहेती ने बताया की शिविर में सभी मरीजों की न्यूरोपैथिक पेन, लिपिड प्रोफाइल, बोन मेरो डेंसिटी, शुगर व बीपी की जांचे भी नि:शुल्क की गई। पुरषोत्तम चित्तौड़ा एवं गायत्री चित्तौड़ा का भी शिविर में सहयोग रहा।

### मंगलेश्वर धाम मंदिर जयपुर गोल्डन से भोलेनाथ की पालकी निकलेगी

**कोटा,** (निसं)। आज मंगलेश्वर धाम मंदिर जयपुर गोल्डन से बाबा महाकाल की पालकी नगर भ्रमण पर निकलेगी। महंत शिवदास नागाजी महाराज ने बताया कि मंगलेश्वर धाम मंदिर जयपुर गोल्डन से बाबा महाकाल की पालकी नगर दोपहर 2.30 बजे ढोल बाजों के साथ छोटी समाध रामपुरा शिव मंदिर जाकर वापस मंगलेश्वर महादेव मंदिर जयपुर गोल्डन पहुंचेगी। मंगलेश्वर महादेव युवा समिति सदस्यों ने बताया कि आज निकलने वाली पालकी में सर्वप्रथम 12.00 बजे शिवजी का विशेष अभिषेक किया जाएगा इसके बाद 2.30 बजे पालकी मंगलेश्वर धाम मंदिर जयपुर गोल्डन से रवाना होकर हिंदू धर्मशाला, गांधी चौक, लिंक रोड़ से रामपुरा मुख्य बाजार से छोटी समाध मंदिर पहुंचेगी वहां से मुख्य बाजार रामपुरा, आर्य समाज रोड़ होते हुए पुन: मंगलेश्वर धाम मंदिर जयपुर गोल्डन पहुंचेगी। मंदिर में शाम 7:30 बजे महाआरती व रात्रि 8 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# भामाशाह मंडी व्यापारी धवन श्रृंगी ने दूसरी बार एस.डी.पी. डोनेट की

- रविवार को परिवारिक कार्य छोड़ मदद का हाथ बढ़ाया
- वह इससे पूर्व 20 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं

**कोटा,** (निसं)। मरीज एवं जरूरतमंद को एसडीपी व ब्लड उपलब्ध कराने का क्रम टीम जीवनदाता का निरंतर जारी है। इसी के तहत टीम जीवनदाता के प्रयास से शिवपुरी निवासी मरीज जोगिंदर सिंह को ए पॉजिटिव एसडीपी उपलब्ध कराई गई है।

टीम के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि मरीज के पुत्र अमर सिंह निरंतर परेशान हो रहे थे, ऐसे में उन्होंने एसडीपी की गुहार लगाई। भुवनेश गुप्ता ने मंडी के व्यापारी वर्धमान जैन को कॉल किया तो उन्होंने कुछ रक्तदाताओं से संपर्क किया। कॉल करते करते मंडी के व्यापारी धवन श्रृंगी को कॉल किया, वह परिवारिक समारोह में परिवार समेत व्यस्त थे।

मरीज को जल्द ही एसडीपी की आवश्यकता थी, ऐसे में उन्हें अवगत कराया तो वह शीघ्र ही परिवार को वही छोड़ सीधे अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने दूसरी बार एसडीपी डोनेट की है। वह इससे पूर्व 20 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं।

उनकी पत्नी जस्टी भी नियमित रक्तदाता है, उनकी प्रेरणा से ही धवन रक्तदान व एसडीपी कर रहे हैं। धवन मंडी के कार्यों से दिल्ली, नासिक और कई शहरों में आवगमन रहता है फिर भी रक्तदान के कार्यों में उनकी प्राथमिकता सदैव बनी रहती है।

# पीजी ट्रेनी के साथ दुष्कर्म और हत्या की न्याय की मांग, लोगों में आक्रोश

**कोटा,** (निसं)। कोलकाता के प्रतिष्ठित आर.जी.कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त 2024 की रात को हुई बर्बर घटना ने चिकित्सा जगत को झकझोर कर रख दिया है।

आईएमए कोटा की अध्यक्ष डॉ.मीनाक्षी शारदा ने बताया कि एक युवा पोस्टग्रेजुएट डॉक्टर, जो एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर और मानवता की सेवा के प्रति समर्पित थी, के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने न केवल चिकित्सा जगत को बल्कि पूरे समाज को हिला कर रख दिया है। कोटा आईएमए के सचिव डॉ.दीपक गुप्ता ने कहा कि हम इस जघन्य अपराध के प्रति अपनी गहरी नाराजगी, दुख और आक्रोश प्रकट करते हैं। यह घटना न केवल एक समर्पित डॉक्टर के साथ अन्याय है, बल्कि हमारे चिकित्सा पेशे और संस्थानों की पवित्रता के खिलाफ एक घिनौना अपराध है, जो जीवन बचाने के लिए सुरक्षित कार्यस्थलों के रूप में माने जाते हैं। इस वीभत्स घटना ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे चिकित्सा पेशेवर किस हद तक असुरक्षित हैं। यह घटना सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में कड़े सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता को बल देती है। हम इस अमानवीय अपराध की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। डॉ.शारदा ने स्पष्ट किया कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि संबंधित अधिकारी इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर न छोड़ें। रीजनल वीपी डॉ.वीरेश बेरीवाल ने बताया कि हाड़ौती के सभी चिकित्सक इस कठिन समय में मृतका के परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों के साथ खड़े हैं। जोनल सचिव डॉ. अखिल अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि हम उन्हें न्याय दिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक कि इस घृणित और अमानवीय कृत्य के दोषियों को कानून के तहत जल्द से जल्द सजा नहीं मिल जाती। इस जघन्य अपराध के दोषियों को शीघ्रता से गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि समाज में एक सख्त संदेश जाए और अपराधियों के दिल में भय पैदा हो। सभी ने माँग की कि इसके साथ ही, हम सभी चिकित्सा संस्थानों में भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन की भी मांग करते हैं। कोटा आईएमए को पूरा विश्वास है कि संबंधित अधिकारी इस मामले में अत्यंत तत्परता और सावधानी के साथ कार्य करेंगे। आईएमए हेड क्वार्टर व राज्य का चिकित्सा समुदाय और पूरा समाज इस पर नजर रखे हुए है, और यह महत्वपूर्ण है कि न्याय केवल किया ही नहीं जाए, बल्कि होता हुआ दिखे।

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पोस्टर का विमोचन किया

**कोटा,** (निसं)। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्लास्टिक का कम से कम उपभोग व इसके विकल्प पर कार्य करना वर्तमान की आवश्यकता गया है। प्लास्टिक प्रदूषण मिट्टी, जल और वायु को प्रदूषित करता है।

जानवारों सहित मानव जाति के बहुत हानिकारक ऐसे में कोटा की समाजसेवी संस्थान यूनाइटेड राउंड टेबल 306 के अभियान 'प्लास्टिक को कहना है ना' चलाकर शहर में प्लास्टिक के उपयोग समिति करने की योजना बनाई है। संस्था अध्यक्ष स्वप्निल गोयल ने बताया कि इस मुहिम का पोस्टर विमोचन राज्य के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने किया और शहर की हरियाली व प्रदुषण मुक्त बनाने के अभियान के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह मुहिम सार्थक है कोटा शहर के बढ़ते पर्यावरण प्रदुषण को रोकने मे हमे प्लास्टिक को ना कहना ही होगा। पोस्टर विमोचन में अध्यक्ष स्वप्निल गोयल सहित क्लब उपाध्यक्ष पद पर रोहिताब सदस्य शुभदीप, श्वेतांक उपस्थित रहे।

अध्यक्ष स्वप्निल गोयल ने बताया कि इस मुहिम के तहत क्बल सदस्य सब्जीमण्डी सहित, गली व चौराहो के दुकानकारों के पास जाकर उनकी प्लास्टिक थैलियों के वजन के अनुसार उन्हे जूट की थैलियां देंगे और प्लास्टिक की थैलियां उन से प्राप्त करेंगे।

इस अभियान के लिए 5 हजार जूट के थैलियां भी बनाई जा चुकी है। इसी प्रकार प्लास्टिक बोतल का कम प्रयोग करने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं कॉलेज व स्कूलों में कार्यशाला का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि राउण्ड टेबल की बैठकों में वह प्लास्टिक बोतलों का निधेष करेंगे।

# चुनाव सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। श्रमण संस्कृति महिला मंडल के चुनाव चुनाव अधिकारी संतोष संरक्षक शारदा कोठारी सरला की बडजात्या के तत्वाधान में संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष रूपल नगेदा उपाध्यक्ष पिंकी पांडे मंत्री रेखा गोधा कोषाध्यक्ष मोना मडिया सहकोषाध्यक्ष अंतिमा पटौदी को चुना गया मंडल की सभी सदस्या मौजूद रही रूपल नगेदा ने बताया पारसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया।

# टिकट चैकिंग अभियान से 9.4 करोड़ रुपये का राजस्व मिला

**कोटा,** (निसं)। मंडल के वाणिज्य विभाग ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल से जुलाई चार माह में टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 1.5 लाख मामलों से 9.4 करोड़ रुपये अर्जित किये। जिसमे बिना टिकट के 61,112 मामले, अनुचित टिकट के 90,201 मामलें एवं 173 बिना बुक गये सामान के मामलें शामिल है। यदि केवल जुलाई माह की बात करें तो 30,036 मामलों से 1.8 करोड़ का राजस्व मंडल को टिकट चैकिंग से मिला जिसमे 12,520 बिना टिकट के मामलों से 95.1 लाख, 17,496 अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले से 89.1 लाख एवं 20 बिना बुक गये सामान से 7,465 रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे कोटा रेल मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई। जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/जनसम्पर्क अधिकारी नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जयवीर को सम्मानित किया

**कोटा,** (निसं)। इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड में सिल्वर मैडिल हासिल कर कोटा सहित देश का नाम रोशन करने वाले जयवीर को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विवेकानंद नगर स्थित जयवीर सिंह के घर पहुंचकर उन्हे माला पहनाकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। ईरान में आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड में कोटा के जयवीर ने उनके अंतराष्ट्रीय अनुभव साझा किए। जयवीर ने बताया कि वह आर्दश विद्यार्थी सेवा संस्था से जुडकर वह बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने में मदद करते थें, वह प्रति सप्ताह शुक्रवार व शनिवार को अपनी निशुल्क सेवा देकर समाज के पिछड़े बच्चों आगे लाने का कार्य करते थे। संस्थान के निदेशक अक्षय वैष्णव ने बताया कि संस्था द्वारा गाड़ियाँ, लुहार, नट आदि घूमंतुक प्रजाति के बच्चों को भी समय समय पर निशुल्क पढ़ाया जाता है। जयवीर ऐसे बच्चो को आगे लाने में अपना सहयोग गत दो वर्षो से दे रहे थे। शिक्षा मंत्री ने जयवीर सिंह के विश्व पटल पर कोटा का नाम अंकित करने व उनके समाजसेवी कार्यों की प्रशंसा की और बधाई दी।

# 'वर्तमान में शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर आजादी को बचाए रखने की आवश्यकता'

शहीद रामकल्याण के 78वें शहीद दिवस पर पुष्पांजली अर्पित की।

**बून्दी** (निसं)। रविवार को शहीद राम कल्याण शर्मा के 78वें शहीद दिवस पर पुष्पाजली अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया।

शहीद राम कल्याण जन सेवा समिति बूंदी के तत्वाधान में आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे शहीद राम कल्याण के बलिदान को याद करते हुए विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में हम सबको उनके पद चिन्हों पर चलकर आज़ादी को बचाए रखने की अवश्यकता है। इस मौके पर शहीद रामकल्याण स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि स्वतंत्रता आंदोलन के जुलूस का नेतृत्व करते हुए 11 अगस्त 1947 को बून्दी शहर के खोजा गेट के बाहर स्थित इसी स्थान पर अंग्रेजों की गोलियों से सामना करते हुए शहीद हुए थे। इस पुष्पांजली कार्यक्रम में राहुल शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, रमा शंकर भंडारी, कपिल विजयवर्गीय, गजेंद्र सिंह सोलंकी, मो. रफिक, राघव शर्मा, मनीष गौतम, डॉ. संपूर्णानंद शर्मा, हरी मोहन चौहान, हुकुमचंद शर्मा, रमेश कुमार जैन, जेपी त्रिपाठी मौजूद रहे।


विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायालय उत्तर स्थान कोटा (राज.)
श्रीमती मधु सिन्हा
विरुद्ध
जितेन्द्र जैन व अन्य
बाबत घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 248 सन् 2024

बनाम पवन ओती पुत्र भुवन चन्द ओती जाति ..... स्थान 853-बी, शास्त्री नगर, दादाबाड़ी, कोटा (राज.) ने आपके विरुद्ध ..... के लिए संस्थित किया जाता है। आपका इस न्यायालय में तारीख 23 माह 08 सन् 2024 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिए समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 07 माह 08 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

रीडर
मुद्रा
सिविल न्यायाधीश एवं
न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोटा (उत्तर)



हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारुप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4)
नाम अदालत सिविल न्यायालय उत्तर स्थान कोटा (राज.)
श्रीमती मधु सिन्हा
विरुद्ध
जितेन्द्र जैन व अन्य
वाद/प्रार्थना-पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा
प्रार्थना संख्या 194/2024

नाम पवन ओती पुत्र भुवन चन्द ओती जाति ..... ..... पता 853-बी, शास्त्री नगर, दादाबाड़ी, कोटा (राज.) उक्त प्रार्थीया ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि प्रति संलग्न है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए तारीख 23 मास 08 सन् 2024 को 10 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रुप से अनुदेश दिया गया हो उपसंज्ञात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रुप में किया जायेगा।

यह आज तारीख 07 मास 08 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

रीडर
मुद्रांक
सिविल न्यायाधीश एवं
न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोटा (उत्तर)